INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 **3rd Lang.**	**Department: Hindi**	**Date :**
Question bank and Grammar	**Topic-** वो जीतकर भी हार गया (कहानी)	**Note:** **Please complete your work.**

प्रश्नोत्तर

क. किसने निन्यानवे रन बनाए थे?
उत्तर= समीर ने निन्यानवे रन बनाए थे|

ख. कैच किसने लिया था?
उत्तर= कैच नितिन ने लिया था|

ग. जूते में बिच्छू किसने डाल दिया था?
उत्तर= समीर ने जूते में बिच्छू डाल दिया था|

घ. समीर की आँखों से आँसू क्यों गिरने लगे थे?
उत्तर= नितिन के अच्छे व्यवहार को देखकर समीर की आँखों से आँसू गिरने लगे थे|

ङ. समीर के पिता ने उसे क्या समझाया?
उत्तर= समीर के पिता ने उसे समझाया कि बेटा तुमने गलत बात पर नितिन को दोष दिया है| तुम्हें ऐसा नहीं करना चाहिए|

च. समीर बहुत अधिक दुखी क्यों था?
उत्तर= समीर निन्यानवे रन बना चुका था| एक रन से उसका शतक पूरा हो जाता लेकिन उसके दोस्त नितिन ने ही उसे आउट कर दिया| इससे वह बहुत दुखी था|

छ. समीर ने नितिन के जूते में बिच्छू क्यों डाला?
उत्तर= शतक पूरा न होने के कारण समीर बहुत दुखी था| वह अपनी हार का बदला नितिन से लेना चाहता था इसलिए उसने नितिन के जूते में बिच्छू डाल दिया|

मूल्यपरक प्रश्न

क. खेल-भावना से खेलना क्यों ज़रूरी होता है?
उत्तर= खेल को एक अच्छी भावना से खेलना चाहिए| खेल-भावना हर एक खिलाड़ी को सम्मान देना सिखाती है| खेल भावना से संघर्ष करने की क्षमता बढ़ती है और मेलजोल बढ़ता है, इसलिए खेल-भावना से खेलना ज़रूरी होता है|

ख. जब कभी दोस्तों का झगड़ा हो जाता है तो आप उसे कैसे सुलझाते हैं?

उत्तर = जिन दो दोस्तों में झगड़ा होता है, मैं उन दोनों को समझता हूँ कि दोस्ती का मतलब आपस में झगड़ा करना नहीं है, बल्कि एक-दूसरे की मदद करना है| इस प्रकार मैं उनका झगड़ा खत्म करने की कोशिश करता हूँ|

अभ्यास (*Exercises)*

1. सही विकल्प चुनिए *Choose the correct option ----- (Textbook)*

क. दोनों स्कूलों के बीच कितने दिवसीय मैच चल रहा था?

पाँच दिवसीय	चार दिवसीय
तीन दिवसीय	दस दिवसीय

ख. समीर ने कितने रन बनाए थे?

निन्यानवे	सत्रह
बीस	साठ

ग. समीर को मैदान में क्या दिखा?

बिच्छू	साँप
केकड़ा	तितली

घ. समीर ने बिच्छू को कहाँ डाल दिया?

दौड़ने वाले जूते में	बेड के नीचे
बैग में	कपड़ों में

उत्तर= क.पाँच दिवसीय ख.निन्यानवे ग.बिच्छू घ.दौड़ने वाले जूते में

2. पाठ के आधार पर रिक्त स्थान भरिए-

Fill in the blanks based on the text. *(Textbook)*

क. राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता .... में आयोजित हो रही थी|

ख. मैं बदले की आग में .... रहा था|

ग. नितिन ने दौड़ने वाले जूते में .... डाल दिया|

घ. तुमने मुझे हरा दिया है, अपनी .... और अच्छे व्यवहार से|

उत्तर = क.बेंगलुरु ख.झुलस ग. बिच्छू घ. सच्चाई

3. किसने कहा, किससे कहा? Who said to whom-*(Textbook)*

	किसने कहा	किससे कहा
क. तुमने गलत बात पर नितिन को दोष दिया है|	समीर के पिता ने	समीर से
ख. शाबाश, तेज़ और तेज़ बहुत अच्छे!	नितिन ने	समीर से
ग. वाह दोस्त! कमाल कर दिया|	नितिन ने	समीर से
घ. मुझे माफ़ कर दो, दोस्त!	समीर ने	नितिन से

4. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए | (*Notebook)*
Make sentences with the help of given words.

क. दोस्ती - नितिन और समीर की दोस्ती सच्ची हैं|

ख. हार-जीत - खेल में तो हार-जीत होती ही है|

ग. क्रिकेट - हमारी टीम क्रिकेट मैच जीत गई|

घ. कसरत - हमें रोज़ कसरत करनी चाहिए|

व्याकरण **(Grammar)** (*Notebook)*

1. दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए| उत्तर

1. मैं कक्षा छह का छात्र हूँ| (मैं)
2. आप बाहर क्यों गए थे? (आप, क्यों)
3. यह मीना का घर है। (यह)
4. उसने गृहकार्य कर लिया है। (उसने)
5. राकेश किताब में कुछ लिख रहा था। (कुछ)
6. वह बहुत तेज़ दौड़ता है| (वह)

2. दिए गए वाक्यों में उचित कारक भरिए| उत्तर

1. माधव ...... रोहित .... मारा| (ने, को)
2. छत .... बंदर बैठा है| (पर)
3. प्रिया .... अपनी सहेली .... उपहार दिया| (ने, को)
4. मेरे घर .... बाहर एक बस खड़ी है| (के)
5. मोहन बाज़ार .... मिठाई लाया| (से)

6. आकाश ...... बादल देखकर मोर ख़ुशी ..... नाच उठे| (में, से)

3. दिए गए मुहावरों को उनके सही अर्थ से मिलाइए|

मुहावरे	अर्थ
i आँखें खुलना-	a) बहुत खुश होना
ii नाक में दम करना-	b) घबरा जाना
iii उल्लू बनाना-	c) होश आना
iv फूला न समाना-	d) मूर्ख बनाना
v हाथ-पाँव फूलना-	e) बहुत अधिक परिश्रम करना
vi दिन-रात एक करना-	f) परेशान करना
vii आग बबूला होना-	g) निश्चित होकर सोना
viii घोड़े बेचकर सोना-	h) बहुत क्रोधित होना

उत्तर= i- c, ii- f, iii- d, iv- a, v- b, vi- e, vii- h, viii- g

****